

## एक नजर में

### नीमच-चीताखेड़ा मार्ग गड्ढों में तब्दील, हादसे रोज की बात, कलेक्टर के आदेश भी बेअसर



**नीमच।** नीमच से चीताखेड़ा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों जानलेवा साबित हो रहा है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार विधायक नीमच के प्रयासों से यह मार्ग हाईवे के रूप में स्वीकृत हो चुका है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क अब 'मौत का रास्ता' बन चुकी है। विगत दिनों कलेक्टर कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने संबंधित विभाग को तुरंत गड्ढे भरने के निर्देश दिए थे। हाल ही में ग्राम दलपतपुर में आयोजित रात्रि चौपाल में भी नागरिकों ने सड़क की बदहाली से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर दोबारा निर्देश जारी हुए। इसके बावजूद आज तक एक भी गड्ढा नहीं भरा गया। गर्मी का मौसम खत्म होने को है। वर्षा शुरू होते ही इन गड्ढों में पानी भर जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि यदि कोई जनहानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा इस मुद्दे पर जिला कांग्रेस द्वारा पूर्व में धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम की चेतावनी दी गई थी, लेकिन वह भी केवल आश्वासन बनकर रह गया। जनता अब जिला प्रशासन से पूछ रही है कि आखिर इस खस्ता हाल मार्ग से कब राहत मिलेगी

### ज्ञानोदय के 29 विद्यार्थियों का हुआ एमआरएफ टायर्स में रिकॉर्ड प्लेसमेंट

**नीमच।** ज्ञानोदय विश्वविद्यालय ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी टायर निर्माता कंपनी एमआरएफ टायर्स लिमिटेड ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत ज्ञानोदय विश्वविद्यालय के 29 मेधावी विद्यार्थियों का चयन 2.5 लाख वार्षिक पैकेज पर किया है। चयनित विद्यार्थियों में इंजीनियरिंग के 11 और आई.टी.आई. के 18 छात्र शामिल हैं। इस तरह ज्ञानोदय विश्वविद्यालय ने छात्रों के प्लेसमेंट की परंपरा का निर्वहन करते हुए कीर्तिमान रचा। इस स्वर्णिम सफलता पर ज्ञानोदय के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. प्रशांत शर्मा ने कहा, 'एमआरएफ जैसी ग्लोबल कंपनी का हमारे कैंपस में आना और एक साथ 29 प्रतिभाओं को चुनना, हमारे विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता और प्राध्यापकों के मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह हमारे 'इंडस्ट्री रेडी प्रोफेशनल्स' बनाने के विजन को पुष्ट करता है।' इंजीनियरिंग व आई टी आई के चयनित विद्यार्थियों ने बताया, 'एमआरएफ जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में करियर की शुरुआत मिलना किसी सपने के सच होने जैसा है। यह सफलता ज्ञानोदय विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट प्रशिक्षण और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं थी।' विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ. माधुरी चौरसिया ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं प्लेसमेंट सेल की टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, 'हमारा ध्येय प्रत्येक विद्यार्थी को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करना है। यह प्लेसमेंट उसी दिशा में एक मजबूत कदम है, आगे भी हम सतत रूप से अंचल की प्रतिभाओं को प्लेसमेंट कराने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। उक्त जानकारी ज्ञानोदय विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट आफिसर सुजाता गर्ग ने दी।

### गोमाबाई नेत्रालय में आंख के पर्दे का सफल ऑपरेशन, फिर लौटी खोई हुई नेत्र ज्योति



**नीमच।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम खानपुर निवासी 42 वर्षीय रामहेत पिता बलरामजी लंबे समय से आंख के पर्दे (रेटिना) की गंभीर समस्या के कारण दृष्टि बाधित होने की पीड़ा झेल रहे थे। उनकी एक आंख का पर्दा क्षतिग्रस्त हो जाने से आंख की रोशनी लगभग समाप्त हो चुकी थी, जिससे उनका दैनिक जीवन अत्यंत कठिन हो गया था। परिजनों द्वारा स्थानीय स्तर पर कई स्थानों पर उपचार करवाने के बावजूद उन्हें कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाया। लगातार दृष्टि कमजोर होने के कारण रामहेत का आत्मविश्वास भी प्रभावित हो गया था और वे मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। इसी दौरान उन्हें गोमाबाई नेत्रालय के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद परिवारजन अंतिम उम्मीद के रूप में उन्हें उपचार हेतु नीमच लेकर पहुंचे। नेत्रालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगी की आंखों की गहन जांच एवं परीक्षण किया। परीक्षण में आंख के विजन को सुरक्षित रखने की संभावना दिखाई देने पर चिकित्सकों ने रोगी एवं परिजनों की सहमति से आंख के क्षतिग्रस्त पर्दे का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। सफल सर्जरी एवं उचित उपचार के बाद अब रामहेत की आंख का विजन सुरक्षित है तथा वे पुन: पहले की तरह स्पष्ट रूप से देख पा रहे हैं। साथ ही वे अपने दैनिक कार्य भी सहजता से करने लगे हैं। लंबे समय बाद पुन: नेत्र ज्योति प्राप्त होने से रामहेत एवं उनके परिवारजन अत्यंत प्रसन्न हैं। रोगी एवं परिजनों ने गोमाबाई नेत्रालय में उपलब्ध आधुनिक उपचार सुविधाओं, अनुभवी चिकित्सकों तथा रियायती दरों पर गंभीर नेत्र रोगों के सफल उपचार के लिए नेत्रालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सेवादल का ध्वजारोहण कार्यक्रम 31 मई को, बैठक हुई

**नीमच।** कांग्रेस सेवादल जिला नीमच द्वारा आगामी 31 मई को इस माह के आखिरी रविवार को राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन नीमच पर प्रात: 10:30 बजे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्रसिंह यादव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, सेवादल के महाराष्ट्र प्रभारी योगेशजी यादव व सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीशजी भार्गव द्वारा यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर घोषित किया गया है, जो प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को आयोजित किया जा रहा है। नीमच जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण की जिम्मेदारी सेवादल को सौंपी गई है। रविवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी से जुड़े तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इस आयोजन को लेकर सेवादल की बैठक बुधवार को दोपहर में स्थानीय गांधी वाटिका परिसर में संपन्न हुई, जिसमें जिलाध्यक्ष द्वारा पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष इलियास कुरैशी, संगठन मंत्री जावेद दुर्रानी, महिला संगठन जिला अध्यक्ष बेबी मेहरा, नीमच शहर ब्लॉक अध्यक्ष भुवान सिंह राजपूत, महिला संगठन ब्लॉक अध्यक्ष संमिदा मिर्जा, शिवहरे आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेताओं ने पं. नेहरू की पुण्यतिथि पर किया याद



**जावद।** ब्लॉक कांग्रेस के निर्देशानुसार नगर में कल बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मंडलम कांग्रेस द्वारा मनाई गई इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष शौकीन पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश नागला, यूथ कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष युवराज झरिया, पूर्व पार्षद पवन संघवी, पार्षद प्रतिनिधि भीमराज राठौर एवं मधु पांडे, शौकीन धाकड़ नेता धाकड़, चित्रांशु जीनगर, राम प्रकाश अलग, विजय तिवारी, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे,

# लॉ कॉलेज में छात्र संगठनों के बीच विवाद

**▸ एबीवीपी-एनएसयूआई आमने-सामने**



**नीमच। शहर के ज्ञान मंदिर लॉ कॉलेज में छात्र राजनीति को लेकर माहौल गर्मा गया। कॉलेज में उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े कुछ छात्र चलती क्लास में पहुंचकर विद्यार्थियों को संबोधित करने लगे। इस दौरान एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी कहासुनी हो गई और कॉलेज परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया।**

जानकारी के अनुसार कॉलेज में नियमित लेक्चर चल रहे थे। इसी बीच एबीवीपी कार्यकर्ता कक्षा में पहुंचे और विद्यार्थियों के बीच अपनी बात रखने लगे। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इसे शैक्षणिक वातावरण में हस्तक्षेप बताते हुए विरोध दर्ज कराया। मामला बढ़ने पर कॉलेज प्राचार्य को शिकायत की गई।

स्थिति को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने दोनों पक्षों को चर्चा के लिए बुलाया और समझाइश देकर मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि प्राचार्य एवं कॉलेज ट्रस्टी के साथ हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी।

एनएसयूआई छात्र नेता यश लोहार ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में परिसर में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही किसी भी छात्र को उसकी विचारधारा या व्यक्तिगत आधार पर टारगेट नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कॉलेज में किसी प्रकार की संविधान विरुद्ध मोरल पॉलिसिंग नहीं होने देने का भरोसा भी प्रबंधन द्वारा दिया गया है। फिलहाल एनएसयूआई ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है, लेकिन भविष्य में यदि किसी संगठन द्वारा कैंपस में राजनीतिक एजेंडा थोपने का प्रयास किया गया तो उसका विरोध किया जाएगा। यश लोहार ने कहा कि वे सामाजिक न्याय, संविधान और आइडिया ऑफ इंडिया की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध हैं तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और भगत सिंह के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। वहीं कॉलेज प्रशासन ने पूरे मामले में शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने और छात्रों के बीच सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया है।

## हिस्ट्रीशीटर की गुंडागर्दी से समाजजनों में रोष, कैफे में युवकों से मारपीट

**▸ झूठे केस में फंसाने के आरोप... एसपी तक पहुंची शिकायत**

**नीमच। अवैध गतिविधियों और आपराधिक मामलों को लेकर चर्चाओं में रहने वाला नीमच के एक कथित हिस्ट्रीशीटर बदमाश माधव बंसल पर आईपीएल सट्टा, अपहरण, फिरौती और मारपीट जैसे गंभीर मामलों का हवाला देते हुए अब समाजसेवी जय अहीर ने समाजजनों के साथ नीमच पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।**

शिकायत के अनुसार 17 मई की रात भरभड़िया रोड स्थित एक कैफे पर यादव समाज के आदेश अहीर अपने दोस्तों ऋतिक रेगर और पुलकित शर्मा के साथ खाना खाने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद माधव बंसल, ध्रुव वर्मा और उनके 25 से 30 साथियों ने नशे में युवकों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और बाद में मारपीट की।

आरोप है कि इस दौरान जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर युवकों को अपमानित भी किया गया। घटना के बाद घायल युवक किसी तरह वहां से निकलकर थाने पहुंचे, जहां पुलिस और परिजनों की मौजूदगी में समझाइश हुई। हालांकि शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि अब उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रची जा रही है।

जय अहीर सहित समाज जन ने एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि माधव बंसल खुद कई मामलों में आरोपी रह चुका है और उसके खिलाफ पहले से विभिन्न प्रकरण दर्ज हैं। इसके बावजूद वह लगातार युवाओं को धमकाने और दहशत फैलाने का काम कर रहा है। उन्होंने मांग की कि ऐसे बदमाशों को नीमच में पनपने नहीं दिया जाए और उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि वर्ष 2022 में उदयपुर के एक फाइनेंस व्यापारी के अपहरण और फिरौती मामले में भी माधव बंसल का नाम सामने आया था। साथ ही आईपीएल क्रिकेट सट्टे और करोड़ों रुपये के लेनदेन से जुड़े मामलों का भी उल्लेख आवेदन में किया गया है।



## मनासा में 10 वर्ष बाद मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज का हो रहा मंगल प्रवेश

**मनासा।** मंदिरों की नगरी मनासा में जैन समाज के सुप्रसिद्ध विद्वान मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज का ससंघ के साथ करीब 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मंगल प्रवेश होने जा रहा है। मुनि श्री के इस आगमन को लेकर संपूर्ण नगर और जैन समाज में अत्यंत हर्ष और उत्साह का माहौल है।

**28 मई को सुबह होगा मंगल प्रवेश**-दिगंबर जैन समाज के अपुर्व जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुनि श्री ससंघ के साथ 28 मई, गुरुवार को प्रात: 7:30 बजे 'यति जी के मंदिर' से नगर में मंगल प्रवेश करेंगे। इस दौरान भव्य अगवानी और शोभायात्रा की तैयारियां की जा रही हैं।

मुनि श्री के मनासा प्रवास के दौरान विभिन्न धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रात: 07:30 बजे ससंघ मंगल प्रवेश यति जी के मंदिर से होगा। प्रात: 08:45 बजे धर्म सभा एवं अमृत प्रवचन वर्धमान धर्मशाला में होंगे। प्रात: 09:30 बजे मुनि संघ की आहार चर्या निर्धारित स्थल पर और सायं 06:30 बजे गुरु भक्ति व सायं 07:30 बजे आचार्य वंदना एवं भव्य आरती वर्धमान जैन धर्मशाला में होंगे।

**धर्म लाभ लेने की अपील**-दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्री शिखरचंद जैन ने नगर की समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे इस गौरवशाली अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म सभा में सम्मिलित हों और मुनि श्री के अमृत वचनों व मंगल प्रवचनों का लाभ उठाकर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# भीषण गर्मी में बेजुबानों की प्यास बुझा रही गौ सेवा समिति

**▸ 18 दिनों से लगातार चला रही सेवा**




**नीमच। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच जहां इंसान भी पानी के लिए परेशान हैं, वहीं बेजुबान गौवंश और अन्य पशुओं के सामने प्यास का संकट और गहरा हो गया है। ऐसे कठिन समय में शहर की गौ सेवा समिति मानवता और सेवा का अनूठा उदाहरण पेश कर रही है। समिति पिछले 18 दिनों से लगातार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बेजुबान पशुओं की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य कर रही है।**

समिति द्वारा शहर के 35 से अधिक स्थानों पर रखी गई पानी की टंकियों में प्रतिदिन करीब 4 हजार लीटर पानी भरा जा रहा है। कई जगहों पर स्थिति इतनी गंभीर है कि टंकियां जल्दी खाली हो जाती हैं और दिन में दूसरी बार भी पानी पहुंचाना पड़ता है।

शहरवासियों के अनुसार कई स्थानों पर गौवंश पानी के वाहन का इंतजार करते नजर आते हैं। जैसे ही टंकियों में पानी भरा जाता है, बेजुबान पशु तुरंत वहां पहुंच जाते हैं। यह भावुक कर देने वाला दृश्य लोगों को मानवता और सेवा का संदेश दे रहा है। इस सेवा कार्य को मितेश अहीर, पार्थ जोशी एवं समिति के अन्य सदस्य निस्वार्थ भाव से लगातार अंजाम दे रहे हैं। भीषण गर्मी में प्रतिदिन पानी की व्यवस्था करना आसान नहीं है। पानी, वाहन, डीजल और अन्य व्यवस्थाओं में लगातार आर्थिक खर्च बढ़ रहा है। कई बार समिति के सामने आर्थिक संकट की स्थिति भी खड़ी हो जाती है, लेकिन इसके बावजूद सेवा कार्य बिना रुके जारी है।

गौ सेवा समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस पुण्य कार्य में सहयोग करें और दान के माध्यम से बेजुबान जीवों की सेवा में सहभागी बनें। समिति का कहना है कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। यदि समाज का हर व्यक्ति थोड़ा-थोड़ा सहयोग करे तो गर्मी के दिनों में कोई भी बेजुबान प्यासा नहीं रहेगा।

# अब रीवा में दम दिखाएंगे जिले के तैराक

**▸ 54वीं राज्य तैराकी चैम्पियनशिप के लिए नीमच टीम रवाना, खिलाड़ियों में मुकाबलों को लेकर दिखा उत्साह**



**नीमच। जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद अब नीमच के युवा तैराक राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बुधवार को नीमच जिला तैराकी संघ की टीम 54वीं राज्य तैराकी चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए रीवा रवाना हुई। खिलाड़ियों में राज्य स्तरीय मुकाबलों को लेकर उत्साह और आत्मविश्वास नजर आया।**

जिला तैराकी संघ द्वारा चयनित खिलाड़ियों की टीम को बुधवार को रीवा के लिए रवाना किया गया। 30 मई से 3 जून तक आयोजित होने वाली 54वीं राज्य तैराकी चैम्पियनशिप में प्रदेशभर के तैराक विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नीमच के खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। रवाना होने से पहले खिलाड़ियों और पदाधिकारियों के बीच उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्रों के दौरान अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया और बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ रीवा के लिए रवाना हुए। प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल, बेक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक और बटरफ्लाई स्ट्रोक सहित विभिन्न स्पर्धाओं में जिले के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।

टीम रवाना होने के दौरान जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अशोक मोदी, उपाध्यक्ष प्रकाश मंडवारिया, मोहनसिंह गेहलोत, राकेश बंसल, राजेश वर्मा, संघ सचिव तरुण ओझा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञानोदय स्विमिंग एकेडमी के कोच एवं टीम मैनेजर रविंदर कुमार सोनी भी खिलाड़ियों के साथ रीवा रवाना हुए, जो प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को तकनीकी मार्गदर्शन देंगे।




## रेडीमेड गारमेंट्स का व्यवसायिक विकास प्रशिक्षण के साथ मिलन समारोह

**नीमच।** नीमच रेडीमेड गारमेंट्स व्यापारी एसोसिएशन का मिलन समारोह रोटरी सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक कमल गट्टानी, जगदीश पारीख, राजेश गांधी, संस्थापाक विनोद होतवानी एवं मार्गदर्शक वीरेंद्र नलवाया, संकर्षण डोरिया, अशोक मोदी अध्यक्ष संतोष प्रेमाणी सचिव मुकेश बाहेती कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम गर्ग आदि द्वारा महालक्ष्मी सरस्वती एवं गणेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अध्यक्ष संतोष प्रेमाणी ने स्वागत भाषण में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में बताकर सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात व्यवसायिक विकास प्रशिक्षण पर अनेकों सदस्य ने अपने विचार व्यक्त किये उनमें से मुख्य रूप से राजेश गांधी, विनोद होतवानी, विनोद पुर्सवानी, मितेश गट्टानी मुकेश बाहेती ने अपनी बात कही। अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष द्वारा 50 नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण दिये। 5 वह 6 जून को श्री खाटू श्याम जी यात्रा बस द्वारा निकाली जा रही है यात्रा के संदर्भ में विस्तृत जानकारी संयोजन विनोद होतवानी द्वारा दी गई।

**एक नजर** ▸ **किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक**

# गांव की चौपाल सहित अन्य जगह सुनेंगे मन की बात कार्यक्रम




**नीमच। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपत आंजना के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय तपोभूमि पर किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच एवं किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक संपन्न हुई।**

बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर, किसान मोर्चा प्रभारी गणपत आंजना, मन की बात के जिला प्रभारी आदित्य मालू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा मोडी ने संबोधित किया। सर्वप्रथम भारत माता, डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की गई। स्वागत उद्बोधन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा ने दिया। मन की बात प्रभारी आदित्य मालू ने अपने उद्बोधन में सभी बूथ पर एवं शक्ति केन्द्र पर 100: मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने एवं मन की बात कार्यक्रम में जिले को प्रदेश में नंबर वन लाने की बात कही। प्रशिक्षण प्रभारी गणपत अंजना ने अपने उद्बोधन में 31 मई रविवार को होने वाले मन की बात कार्यक्रम को मंडल, शक्ति केन्द्र, बूथ प्रत्येक पर करने एवं संगठन एप के माध्यम से अपलोड करने की बात कही। किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम गांव की चौपाल, गौशाला, पॉली हाउस ऐसी सभी जगह किसानों के बीच में आयोजित करने की बात कही।

प्रदेश कार्य समिति महेंद्र भटनागर ने किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम में नवाचार करने की बात कही, जिसमें सब्जी मंडी, गांव की मेड आदि जगह किसानों के बीच में कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला महामंत्री धन सिंह कैथवास, नमो एप प्रभारी आयुष कोठारी भी मंचासीन रहे। बैठक में जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, किसान मोर्चा के पदाधिकारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन गोपाल शर्मा ने किया। उपरोक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा दी गई।